कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
राष्ट्रीय मार्ग खंड, लोक निर्माण विभाग,
मीरजापुर ।

पत्रांकः– 255 /IC                                                                                    दिनांक–2-4-2016

सेवा में,

अधीक्षण अभियन्ता,
18वॉ वृत्त,रा0मा0,
लो0नि0वि0,इलाहाबाद

विषयः–रा0मा0सं0–7(नवघोषित रा0मा0सं0–135)के कि0मी0 93.00 (चैनेज 92.878) में दाहिने तरफ इण्डियन आयल कार्पोरेशन लि0 द्वारा आराजी नं0 1743,1744, ग्रा0–वामी, तहसील–लालगंज,जनपद–मीरजापुर पर न्यू रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्मप)खोलने की अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने के संबंध में ।

संदर्भः–1–इण्डियन आयल कार्पोरेशंन लि0 का पत्र सं0 2015/IN 000145/ UP/ 000036 / 140/00003 दिनांक10–02–16 ।

2–जिलाधिकारी,मीरजापुर का पत्र सं0 763 (3)आ0लि0–अनापत्ति प्रमाण पत्र दिनांक 05–01–2016 ।

3–भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण,सड़क परिवहन एंवं राजमार्ग मंत्रालय,डी0आई0जी0कालोनी,मकबूल आलम रोड,वाराणसी का पत्र सं0 11015/5पीडी वाराणसी/रा0रा0सं0–7/2015–16/20633 दि0 07–03–2016 ।

महोदय,

रा0मा0सं0–7(नवघोषित रा0मा0सं0–135)के कि0मी0 93.00 (चैनेज 92.878) में दाहिने तरफ इण्डियन आयल कार्पोरेशन लि0 द्वारा आराजी नं0 1743,1744, ग्रा0–वामी, तहसील–लालगंज,जनपद–मीरजापुर पर न्यू रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्मप)के स्थापना हेतु इस विभाग में अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए उपरोक्त पत्र द्वारा अनुरोध किया गया है । परिवहन मंत्रालय,भारत सरकार के पत्रांक आर0डब्लू0 33023/19/99/डी0ओ0 तृतीय संशोधित गाईड लाइन दिनांक 24–07–2013 एवं पत्रांक आर0डब्लू0/एन0एच0 – 33023 / 19/99 डी0ओ0तृतीय (पीटी) दिनांक 21–08–2013 के अनुसार चेकलिस्ट पर 23विन्दु दर्शाया गया है जिसके अनुपालन में संबंधित अवर अभियंता,सहायक अभियंता द्वारा कार्यस्थल का निरीक्षण करने के पश्चात आख्या निम्नानुसार प्रेषित करते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने की संस्तुति की जाती है ।

i). प्रस्तावित भूमि पूर्व रा0मा0सं0–7(नवघोषित रा0मा0सं0–135)के कि0मी0 93.00 (चैनेज 92.878) में दाहिने तरफ स्थित है । उक्त स्थल सरकारी भूमि के बाहर है तथा प्रस्तावित भवन सीमा (रिटेल आउटलेट) रोड के मध्य से 40मी0 के बाहर स्थित है ।

ii). प्रस्तावित स्थल के दोनों तरफ मार्ग के 200मी0 लम्बाई में कोई कर्व नहीं है । इसके अतिरिक्त प्रस्तावित स्थल के दोनों तरफ 300मी0 में 3.00 मी0 चौड़ी लिंक मार्ग नहीं है एवं प्रस्तावित स्थल के दोनों तरफ 1.00कि0मी0 में कोई बैरियर या टोल प्लाजा नहीं है । प्रस्तावित न्यू रिटेल आउटलेट स्थल पर कुल आर0ओ0डब्लू0 32.92मी0 है । मार्ग के मध्य रेखा से बॉये तरफ 16.46 मी0 है तथा दाहिने तरफ मध्य से 16.46मी0 है ।

iii). प्रस्तावित स्थल सहायक अभियन्ता द्वारा चेक कर लिया गया है । जो भूतल सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एम0ओ0आर0टी0एण्ड एच0)नयी दिल्ली के सर्कुलर के अनुसार है, जिसका चेकलिस्ट संलग्न है । ड्रनेज की सुविधा के लिए 2.00मी0 स्पान की स्लैब कलवर्ट का निर्माण प्राविजन की गयी ड्राईग के अनुसार ही स्वयं अपने खर्च से कराना होगा ।

iv).भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय,बायोटेक चौराहा,लखनऊ रिंग रोड विकास नगर,लखनऊ के नाम से लाइसेंस डीड करानी होगी । समस्त कार्य अपने खर्च से कराना होगा ।

v).प्रस्तावित स्थल पर निर्माण कार्य शुरू करने के पूर्व इस कार्यालय को सूचना देना आवश्यक होगा ,जिससे कार्य की मानीटरिंग दी गयी ड्राईग के अनुसार सुनिश्चित किया जा सके ।

संलग्नकः–

1. RO,MORT&H,Lucknow letter
2. Letter of Intent
3. Land document(Khatauni,Khasra&Index maps)
4. Power of Attorney
5. Affidavit
6. License deed
7. Checklist
8. Location/Key Plan
9. Fuel Station Layout & Sectional view of fuel station showing elevation
10. Drainage Plan/Hydraulic Calculation
11. Details of material for pavement jcomposition of the access road
12. Undertaking for fee
13. Undertaing for alteration(removal/shifting)
14. Undertaking for appendix-I
15. Undertaking for neither in operation nor energized
16. Standard condition certificate
17. Standard conditional land acquisition is required beyond ROW
18. Inspection of site

अधिशासी अभियन्ता
राष्ट्रीय मार्ग खंड,
लो0नि0वि0,मीरजापुर

पत्रांकः– /
दिनांक–

प्रतिलिपि–जिलाधिकारी,मीरजापुर को उनके उपरोक्त संदर्भित पत्र के अनुपालन में सादर सूचनार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि–सहायक अभियंता प्रथम,रा0मा0खंड,लो0नि0वि0,मीरजापुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रतिलिपि–अवर अभियंता (प्र0)रा0मा0खंड,लो0नि0वि0,मीरजापुर को पत्रावली की एक प्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार ।

अधिशासी अभियन्ता
राष्ट्रीय मार्ग खंड,
लो0नि0वि0,मीरजापुर